भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2477

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

अर्जेंटीना टीम को फुटबॉल मैच का निमंत्रण

2477. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अर्जेंटीना फुटबाल टीम को देश में आधिकारिक मैचों के लिए कोई आधिकारिक निमंत्रण दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उक्त स्थानों और तिथियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने किसी निजी संगठन को अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबाल टीम को भारत में मैच खेलने के लिए आमंत्रित करने की अनुमति दी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ (एआईएफएफ) ने सूचित किया है कि केरल सरकार से प्राप्त ईमेल में 10-18 नवंबर 2025 की फीफा विंडो के दौरान केरल, भारत में अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रेलिया फ्रेंडली मैच की मेजबानी के लिए एफआईएफए की मंजूरी मांगी गई। इसके प्रतिउत्तर में, एआईएफएफ ने इस अनुरोध को फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ को अग्रेषित कर दिया। एआईएफएफ को फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया से भी अनुरोध प्राप्त हुआ था। जिसमें वे मैच से संबंधित सभी आवश्यक अनुमतियां, अनुमोदन, औपचारिक मंजूरियां और प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को सरलता से पूरा करने में एआईएफएफ से सहायता और सहयोग मांगा गया था।

जैसा कि एआईएफएफ द्वारा सूचित किया गया, दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से इस मैच के लिए अपना आवेदन वापस ले लिया।

*****